# EXERCISE

**Q.1** एक 7 cm लम्बाई का रेखाखण्ड खींचिए तथा इसे 2 : 3 अनुपात में विभाजित कीजिए, दोनों भागों को मापिए।

**Q.2** एक 7.8 cm लम्बाई का रेखाखण्ड खींचिए तथा इसे 5:8 के अनुपात में विभाजित कीजिए, दोनो भागों को मापिए।

**Q.3** 5 cm, 6 cm तथा 7 cm भुजाओं का एक त्रिभुज बनाइए तथा इसके समरूप अन्य त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजाऐं दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 2/3 हो।

**Q.4** 5 cm, 6.5 cm तथा 7.6 cm का एक त्रिभुज बनाइये इसके समरूप अन्य त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजाऐं दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{7}{5}$ हो।

**Q.5** एक त्रिभुज ABC बनाइए जिसकी भुजाऐं 5 cm, 12 cm तथा 13 cm है त्रिभुज ABC के समरूप दूसरा त्रिभुज बनाइये जिसकी भुजाऐं दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की $\frac{3}{5}$ th हो।

**Q.6** 6 cm, 7 cm व 8 cm भुजाओं वाले त्रिभुज के समरूप एक त्रिभुज बनाइये तथा जिसकी भुजाऐं दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 1.4 गुना हो।

**Q.7** एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइए जिसका आधार 7 cm व 4 cm है तथा अन्य समरूप त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजाऐं समद्विबाहु त्रिभुज की संगत भुजाओं की $1\frac{1}{2}$ गुना है।

**Q.8** एक त्रिभुज ABC बनाइये जिसकी भुजा BC = 8 cm, AB = 6 cm व $\angle ABC = 60^o$ है। $\Delta ABC$ के समरूप अन्य त्रिभुज बनाइये जिसकी भुजाऐं, त्रिभुज ABC की संगत भुजाओं की $\frac{3}{4}$ है।

**Q.9** एक त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजा BC = 6 cm, $\angle B = 45^o$ व $\angle A = 105^o$ है। तब इसके समरूप अन्य त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजाऐं $\Delta ABC$ की संगत भुजाओं की $\frac{4}{3}$ गुना है।

**Q.10** एक समकोण त्रिभुज बनाइये जिसमें भुजाऐं (कर्ण को छोड़कर) 3 cm व 4 cm लम्बाई की है। तब अन्य समरूप त्रिभुज बनाइए जिसकी भुजाऐं दिए गए त्रिभुज की संगत भुजाओं की 5/3 गुना है।

**Q.11** 4.6 cm त्रिज्या का वृत्त बनाइये । इस पर एक बिन्दु P लीजिए। वृत्त के बिन्दु P पर एक स्पर्श रेखा बनाइए। रचना के चरण भी लिखिए।

**Q.12** 3.5 cm त्रिज्या का वृत्त बनाइये। इस पर दो स्पर्श रेखाऐं खींचिए जो एक दूसरे से $60^o$ कोण पर झुकी हुई है।

**Q.13** 4 cm त्रिज्या का वृत्त बनाइए । इसका केन्द्र O अंकित कीजिए । बिन्दु P इस प्रकार अंकित कीजिए कि OP = 5 cm, पैमाने तथा परकार की सहायता से, P से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाऐं खींचिए, उनमें से किसी एक की लम्बाई को मापिए।

**Q.14** 8 cm व्यास का वृत्त बनाइए । इसके केन्द्र से 7 cm दूर स्थित एक बिन्दु P से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं का एक युग्म बनाइए। स्पर्श रेखाखण्डों की लम्बाईयों का मापिए।

**Q.15** 3 cm त्रिज्या का एक वृत्त बनाइए। इसके बढ़े हुए व्यास पर दो बिन्दु P व Q लीजिए जिनमें प्रत्येक इसके केन्द्र से 7 cm दूरी पर स्थित हो । इन दोनों बिन्दुओं P व Q से वृत्त पर स्पर्श रेखाऐं खींचिए।

**Q.16** एक चूड़ी की सहायता से एक वृत्त बनाइए । वृत्त के बाहर एक बिन्दु लीजिए । इस बिन्दु से वृत्त पर स्पर्श रेखाओं का एक युग्म बनाइए।

**Q.17** O को केन्द्र मानते हुए 6 cm व्यास का एक वृत्त बनाइए। एक व्यास AOB खींचिये। A या B से वृत्त पर स्पर्श रेखा खींचिए।

**Q.18** एक $\Delta ABC$ बनाइये जिसमें AB = 5cm व $\angle B = 60^o$ व शीर्षलम्ब CD = 3 cm है। $\Delta ABC$ के समरूप $\Delta AQR$ इस प्रकार बनाइये कि प्रत्येक भुजा $\Delta ABC$ की संगत भुजा की 1.5 गुना हो।

**Q.19** 3 cm त्रिज्या का एक वृत्त बनाइये। वृत्त के केन्द्र से दूर स्थित एक बिन्दु से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाऐं खींचिए। स्पर्श रेखाओं की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

# ANSWER KEY

**1.** 2.8 cm, 4.2 cm

**2.** 3 cm, 4.8 cm

**13.** 3 cm

**14.** 5.7 cm (लगभग)

**19.** प्रत्येक 4 cm